**CBSE Class 10 इतिहास**
**महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर पाठ - 4**
**भूमंडलीकृत विश्व का बनना**

---

**बहुवैकल्पिक प्रश्न:-**

**1. रिंडरपेस्ट क्या है?**

1. एक आदमी
2. बीमारी
3. एक स्थान
4. एक स्मारक

**उत्तर-** (2) बीमारी

**2. इनमें से कौन मित्र राष्ट्र थे?**

1. ब्रिटेन, फ्रांस, रूस
2. ब्रिटेन, जापान, रूस
3. जर्मनी, आस्ट्रिया-हंगरी और आटोमन तुर्की
4. जापान, फ्रांस, जर्मनी

**उत्तर-** (1) ब्रिटेन, फ्रांस, रूस

**3. दक्षिणी अमेरिका में एल डोराडो क्या है?**

1. वह स्थान जहाँ कोलम्बस पहुँचा था
2. जहाँ चाँदी की खाने पायी गई
3. किदवंतियों की बदौलत सोने का शहर
4. एक प्रसिद्ध दास बाजार

**उत्तर-** (3) किदवंतियों की बदौलत सोने का शहर

**4. निम्न में से किस देश के पास अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में वीटो का प्रभावशाली अधिकार है?**

1. भारत
2. संयुक्त राज्य अमेरिका
3. जापान

4. (श्रीलंका

**उत्तर-** (2) संयुक्त राज्य अमेरिका

**5. किस सदी से चीन ने दूसरे देशों के साथ सम्बन्ध कम करना शुरू किया और अलग अलग पड़ने लगा।**

1. 14 वीं
2. 15 वीं
3. 16 वीं
4. 17 वीं

**उत्तर-** (2) 15 वीं

**6. एशिया को यूरोप और उत्तरी अफ्रीका से जोड़ने वाले मार्गो को किस नाम से जाना जाता है?**

1. एशियन मार्ग
2. सिल्क मार्ग
3. व्यापार मार्ग
4. अफ्रीकी मार्ग

**उत्तर-** (2) सिल्क मार्ग

**7. निम्न में से किस देश ने मक्का के आयात पर पाबन्दी लगाने के लिये कार्न ला लागू किया?**

1. भारत
2. फ्रांस
3. चीन
4. ब्रिटेन

**उत्तर-** (4) ब्रिटेन

**8. लगभग 500 साल पहले निम्न में से किस फसल के बारे में हमारे पूर्वजों को ज्ञान नही था?**

1. आलू
2. चावल
3. गेहूँ
4. कपास

**उत्तर-** (1) आलू

**9. 1928 से 1934 के बीच भारत में गेहूँ की कीमत 50 प्रतिशत तक क्यों गिर गई?**

1. कम उत्पादन के कारण
2. बाढ़ के कारण
3. महामंदी के कारण
4. सूखे के कारण

**उत्तर-** (3) महामंदी के कारण

**10. आधुनिक युग से पहले निम्न में से किसने सिल्क रूट का प्रयोग नही किया?**

1. ईसाई धर्म प्रचारक
2. व्यापारी
3. मुस्लिम प्रचारक
4. पर्यटक

**उत्तर-** (4) पर्यटक

**(1 अंक वाले प्रश्न)**

**1. मित्र राष्ट्रों के नाम बताइए ?**

**उत्तर-** ब्रिटेन, फ्राँस और रूस।

**2. दक्षिणी अमेरिका में एल डोराडो क्या है ?**

**उत्तर-** किंवदंतियों की बदौलत सोने का शहर।

**3. किस देश के पास अन्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में वीटो का प्रभावशाली अधिकार है ?**

**उत्तर-** संयुक्त राज्य अमेरिका।

**4. लगभग 500 साल पहले किस फसल के बारे में हमारे पूर्वजों को ज्ञान नहीं था ?**

**उत्तर-** आलू।

**5. कौन से दो आविष्कारों ने 19 वीं सदी के विश्व में परिवर्तन किया ?**

**उत्तर-** (1) भाप इंजन

(2) रेलवे

**6. 1928 से 1934 के बीच भारत में गेहूँ की कीमत 50 प्रतिशत तक क्यों गिर गई?**

**उत्तर-** महामंदी के कारण

**7. अमेरिका महाद्वीप की खोज किसने की ?**

**उत्तर-** क्रिस्टोफर कोलंबस।

**8. उस यूरोपीय देश का नाम लिखी, जिसने अमेरिका पर विजय प्राप्त की ?**

**उत्तर-** स्पेन

**9. भूमंडलीकृत विश्व के बनने में मदद देने वाले कोई दो कारक बताइए।**

**उत्तर-** (1) व्यापार

(2) काम की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाते लोग

(3) पूंजी

**लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5)**

**1. तीन उदाहरण देकर दर्शायें कि अमेरिका जाने वाले नये समुद्री रास्तों की खोज के बाद विश्व में बदलाव आया?**

**उत्तर-**

1. आलू का इस्तेमाल शुरू करने पर यूरोप के गरीबों की जिन्दगी में बदलाव आया। उनका भोजन बेहतर हो गया और औसत उम्र बढ़ने लगी।
2. गुलामों का व्यापार शुरू हो गया।
3. यूरोप में धार्मिक टकराव होते रहते थे इसलिये हजारो लोग यूरोप से भागकर अमेरिका चले गये।

**2. 19 वीं सदी में हजारों लोगों द्वारा यूरोप से भागकर अमेरिका जाने के क्या कारण थे?**

**उत्तर-**

1. कार्न-ला कानून को समाप्त करने के बाद कम कीमतो में सामान का आयात
2. भयानक बिमारियों का फैलना
3. धार्मिक टकराव

**3. 19 वीं सदी में अर्थव्यवस्था को आकार देने में कौन-कौन से कारको ने सहायता की?**

**उत्तर-**

1. सामाजिक कारक - खेती करने के लिये अधिक संख्या में लोगों को होना।
2. आर्थिक कारक - औपनिवेशिकरण ने निवेश को बढ़ावा दिया।
3. तकनीकी कारक - मजबूत परिवहन नेटवर्क की आवश्यकता पर बल।

**4. रिंडरपेस्ट क्या था? इसने अफ्रीकी लोगों को किस तरह प्रभावित किया?**

**उत्तर-**

1. खतरनाक संक्रामक रोग/ मवेशी प्लेग

2. 90 प्रतिशत से अधिक अफ्रीकी मवेशी मारे गये
3. आजीविका का नष्ट हो जाना

**5. सूती वस्त्र उद्योगों के औद्योगिकरण का ब्रिटेन में क्या प्रभाव पड़ा?**

**उत्तर-**

1. आयात शुल्क के कारण ब्रिटेन में भारतीय कपास के आयात में तेजी से कमी आई।
2. भारतीय वस्त्रों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में भारी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा।
3. बाद में निर्माण किये गये सूती उत्पादों के निर्यात में कमी आने के पश्चात ब्रिटिश निर्माताओं ने बहुत ही सस्ती कीमत पर भारत से कपास का आयात आरम्भ कर दिया।

**6. यूरोपीय लोगों के अफ्रीका की और आकर्षित होने के मुख्य कारण क्या थे?**

**उत्तर-**

1. अफ्रीका में विशाल भूक्षेत्र तथा खनिज के भंडारों का होना।
2. यूरोपीय लोग अफ्रीका में बागानी खेती करने और खादानों का दोहन करना चाहते थे ताकि उन्हें यूरोप भेजा जा सके।
3. अफ्रीका में औद्योगिक क्रान्ति नहीं आई थी।
4. अफ्रीका सैन्य शक्ति में भी पिछड़ा हुआ था।

**7. कार्न-ला क्या था? उसे क्यों समाप्त किया गया इसकी समाप्ती के क्या परिणाम हुये?**

**उत्तर-**

1. मक्का के आयात पर पाबन्दी - कार्न - ला
2. यह भू स्वामियों के दबाव में किया गया।
3. लोग इस कानून से नाराज थे क्योंकि खाद्य पदार्थो की कीमतें बहुत ऊंची थी।
4. कार्न-ला की समाप्ति के बाद ब्रिटेन में आयतित खाद्य पदार्थो की लागत यहाँ पैदा होने वाले खाद्य पदार्थो से भी कम थी। जिसके कारण ब्रिटिश किसान आयतित माल की कीमत का मुकाबला नही कर सकते थे।

**8. व्यापार अधिशेष से क्या अभिप्राय है? भारत के साथ ब्रिटेन व्यापार अधिशेष की अव्यवस्था में क्यो रहा?**

**उत्तर-** जब निर्यात मूल्य आयात मूल्य से अधिक होता है तो इसे व्यापार अधिशेष कहा जाता है।

1. 19 वीं शताब्दी में भारतीय बाजारों में ब्रिटेन के बने माल की अधिकता हो गई थी। भारत से ब्रिटेन और शेष विश्व को भेजे जाने वाले खाद्यान्न एवं कच्चे मालों के निर्यात में इजाफा हुआ।
2. लेकिन जो माल भारत भेजा जाता था उसकी कीमत काफी अधिक होती थी और जो भारत से इंग्लैण्ड भेजा जाता था उसकी कीमत काफी कम होती थी इसलिये बिटे[a]न हमेशा व्यापार अधिशेष की अवस्था में रहता था।

**9. ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पर प्रथम विश्व युद्ध के क्या प्रभाव पड़े?**

उत्तर-

1. युद्ध के बाद भारतीय बाजार में अपनी वर्चस्व वाली स्थिति को प्राप्त करना ब्रिटेन के लिये मुश्किल हो गया।
2. ब्रिटेन को विश्व स्तर पर अब जापान से भी मुकाबला करना था।
3. अमेरिका से लिये गये कर्जे की वजह से ब्रिटेन युद्ध के बाद भारी विदेशी कर्जे में डूब गया।
4. युद्ध के कारण आया आर्थिक उछाल जब शान्त होने लगा तो उत्पादन गिरने लगा तथा और बेरोजगारी बढ़ने लगी।
5. इसी समय सरकार ने भारी भरकम युद्ध सम्बन्धी व्यय में कटौती आरम्भ कर दी ताकि शांतिकालीन करों के सहारे उनकी भरपाई की जा सके। इन प्रयासों से रोजगार भारी मात्रा में समाप्त हो गये।

**10. आर्थिक महामंदी के कारण बताइये?**

**उत्तर-**

1. महामंदी की शुरूआत 1929 से हुई और यह संकट 30 के दशक के मध्य तक बना रहा इस दौरान दुनियाँ के ज्यादातर हिस्सों में उत्पादन, रोजगार, आय और व्यापार में बहुत बड़ी गिरावट दर्ज की गई।
2. युद्धोत्तर विश्व अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर हो गई थी। कीमते गिरी तो किसानों की आय घटने लगी और आमदनी बढ़ाने के लिये किसान अधिक मात्रा में उत्पादन करने लगे।
3. बहुत सारे देशों ने अपनी निवेश सम्बन्धी जरूरतों को पूरा करने के लिये अमेरिका से कर्ज लिया।
4. अमेरिकी उद्योगपतियों ने मंदी की आशंका को देखते हुये यूरोपीय देशों को कर्ज देना बन्द कर दिया।
5. हजारों बैंक दीवालिया हो गये।

**11. अमेरिका जाने वाले नये समुद्री रास्तों की खोज के बाद विश्व में क्या बदलाव हुए ? तीन उदाहरण देकर स्पष्ट करें।**

**उत्तर-**

1. आलू का इस्तेमाल शुरू करने पर यूरोप के गरीबों की जिन्दगी में बदलाव आया। उनका भोजन बेहतर हो गया और औसत उम्र बढ़ने लगी।
2. गुलामों का व्यापार शुरू हो गया।
3. यूरोप में धार्मिक टकराव होते रहते थे इसलिए हजारों लोग यूरोप से भागकर अमेरिका चले गए।

**12. 19वीं सदी में हजारों लोगों द्वारा यूरोप से भागकर अमेरिका जाने के क्या कारण थे ?**

**उत्तर-**

1. कॉर्न-ला को समाप्त करने के बाद कम कीमतों में सामान का आयात ।
2. भयानक बीमारियों का फैलना
3. धार्मिक टकराव।

**13. सूती वस्त्र उद्योगों के औद्योगिकरण का ब्रिटेन में क्या प्रभाव पड़ा?**

**उत्तर-**

1. आयात शुल्क के कारण ब्रिटेन में भारतीय कपास के आयात में तेजी से कमी आई।
2. भारतीय वस्त्रों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में भारी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा।
3. बाद में निर्माण किए गए सूती उत्पादों के निर्यात में कमी आने के पश्चात् ब्रिटिश निर्माताओं ने बहुत ही सस्ती कीमत पर भारत से कपास का आयात आरम्भ कर दिया।

**14. व्यापार अधिशेष से क्या अभिप्राय है ? भारत के साथ ब्रिटेन व्यापार अधिशेष की अवस्था में क्यों रहा?**
**उत्तर-**

1. जब निर्यात मूल्य आयात मूल्य से अधिक होता है तो इसे व्यापार अधिशेष कहा जाता है।
2. 19वीं शताब्दी में बाजारों में ब्रिटेन के बने माल की अधिकता ही गई थी। भारत से ब्रिटेन और शेष विश्व को भेजे जाने वाले खाद्यान्न व कच्चे मालों के नियति में इजाफा हुआ।
3. लेकिन जी माल भारत भेजा जाता था उसकी कीमत काफी अधिक होती थी और जो भारत से इंग्लैण्ड भेजा जाता था उसकी कीमत काफी कम होती थी इसलिए ब्रिटेन हमेशा व्यापार अधिशेष की अवस्था में रहता था।

**15. ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पर प्रथम विश्व युद्ध के क्या प्रभाव पड़े ?**
**उत्तर-**

1. युद्ध के बाद भारतीय बाजार में अपनी वर्चस्व वाली स्थिति को प्राप्त करना ब्रिटेन के लिए कठिन हो गया।
2. ब्रिटेन को विश्व स्तर पर अब जापान से भी मुकाबला करना था।
3. अमेरिका से लिए गए कर्जे की वजह से ब्रिटेन युद्ध के बाद भारी विदेशी कर्जे में डूब गया।
4. युद्ध के कारण आया आर्थिक उछाल जब शान्त होने लगा तो उत्पादन गिरने लगा और बेरोजगारी बढ़ने लगी।
5. इसी समय सरकार ने भारी भरकम शांतिकालीन करों के सहारे उनकी भरपाई करने की कोशिश की। इन प्रयासों से रोजगार भारी मात्रा में समाप्त हो गए।

**16. आर्थिक महामंदी के कारण बताइये ?**
**उत्तर-**

1. महामंदी की शुरूआत 1929 से हुई और यह संकट 30 के दशक के मध्य तक बना रहा। इस दौरान विश्व के ज्यादातर हिस्सों में उत्पादन, रोजगार, आय और व्यापार में बहुत बड़ी गिरावट दर्ज की गई।
2. युद्धोतर अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर हो गई थी। कीमतें गिरीं तो किसानों की आय घटने लगी और आमदनी बढ़ाने के लिए किसान अधिक मात्रा में उत्पादन करने लगे।
3. बहुत सारे देशों ने अमेरिका से कर्ज लिया।
4. अमेरिकी उद्योगपतियों ने मंदी की आशंका को देखते हुए यूरोपीय देशों को कज देना बन्द कर दिया।
5. हजारों बैंक दिवालिया हो गये।

**17. भारतीय अर्थव्यवस्था पर महामन्दी का क्या प्रभाव पड़ा ?**

**उत्तर-**

1. 1928 से 1934 के बीच देश का आयात-नियांत घट कर आधा रह गया।
2. अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें गिरने से भारत में गेहूँ की कीमत 50 प्रतिशत तक गिर गई।
3. किसानों और काश्तकारों को ज्यादा नुकसान हुआ।
4. महामंदी शहरी जनता एवं अर्थव्यवस्था के लिए भी हानिकारक।
5. 1931 में मंदी चरम सीमा पर थी जिसके कारण ग्रामीण भारत असंतोष व उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा था।

**18. 19वीं सदी की अनुबंध व्यवस्था को नयी दास व्यवस्था के रूप में वर्णित किया है। उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए?**
**उत्तर-**

1. एजेंट मजदूरों को फुसलाने के लिए झूठी जानकारियाँ देते थे।
2. एजेंटों द्वारा मजदूरों का अपहरण भी कर लिया जाता था।
3. नयी जगह की जीवन एवं कार्य स्थितियाँ कठोर थी।
4. वेतन बहुत कम था। काम ठीक से न कर पाने के कारण वेतन काट लिया जाता था।
5. मजदूरों के पास कानूनी अधिकार न के बराबर थे।

**19. वैश्वीकरण का क्या अर्थ है? अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक विनिमय में तीन प्रकार के प्रवाहों का वर्णन कीजिए ?**
**उत्तर-**

1. किसी देश की अर्थव्यवस्था विश्व की अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ जुड़ी होती है।
2. पहला प्रवाह व्यापार का होता है जो मुख्यतः कपड़ों एवं गेहूँ के व्यापार तक सीमित था।
3. दूसरा प्रवाह श्रम का है जिसमें लोग रोजगार की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं।
4. तीसरा प्रवाह पूँजी का होता है जिसे अल्प या दीर्घ अवधि के लिए दूर-दराज के इलाकों में निवेश कर दिया जाता है।

**20. ब्रेटन-वुड्स समझौते का क्या अर्थ है?**
**उत्तर-**

1. 1944 में अमेरिका स्थित न्यू हैम्पशायर के ब्रेटन वुड्स नामक स्थान पर संयुक्त राष्ट मौद्रिक एवं वित्तीय सम्मेलन में सहमति बनी थी।
2. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की स्थापना हुई।
3. ब्रेटन वुड्स व्यवस्था निश्चित विनिमय दरों पर आधारित होती थी।

**21. अफीम युक्द्र का क्या अर्थ है। चीन पर अफीम युद्ध के प्रभावों का वर्णन कीजिए ?**
**उत्तर- अफीम युद्ध का अर्थ -** जब इंग्लैंड ने चीनियों पर अफीम आयात करने का दबाव डाला तो दोनों देशों के बीच संघर्ष उत्पन्न हो गया जिसकी अफीम युद्ध कहा जाता है।

1. चीनियों का शारीरिक व नैतिक पतन हुआ।
2. चीन को हजाने के रूप में 5 बन्दरगाह ब्रिटिश व्यापारियों के लिए खोलने पड़े।
3. बिना किसी अवधि के हाँगकोग को ब्रिटेन को सौप दिया गया।